आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 31.03.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– टनकपुर–दौराई एक्सप्रेस ट्रेन के नियमित संचालन से आर्थिक विकास को गति मिलने के साथ ही व्यापार और स्थानीय उत्पादों को नया बाज़ार उपलब्ध होगा।
- सरकार ने चारधाम यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं को स्वास्थ्यवर्धक भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'आज से थोड़ा कम' अभियान की शुरुआत की।
- प्रदेश में चैत्र नवरात्रि की धूम, और देश के विभिन्न राज्यों में आज ईद–उल–फितर मनाई जा रही है।
- पौड़ी जिले के सिरोली में आयोजित उमेश डोभाल स्मृति समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गयझं

टनकपुर–दौराई एक्सप्रेस

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से टनकपुर–दौराई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि टनकपुर–दौराई एक्सप्रेस के नियमित संचालन से आर्थिक विकास को गति मिलने के साथ ही व्यापार और स्थानीय उत्पादों को नया बाज़ार उपलब्ध होगा। साथ ही कुमाऊँ क्षेत्र के लोगों को लंबी दूरी तक बेहतर ट्रेन सेवाओं का लाभ मिलेगा और माँ पूर्णागिरि धाम आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यात्रा सुगम होगी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक रेल सेवा की शुरुआत से टनकपुर रेलवे स्टेशन को नई पहचान मिलेगी, जिससे पूरे क्षेत्र का विकास तेज़ी से होगा और यात्रियों को सुगम यात्रा का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार पर्वतीय इलाकों तक ट्रेन सेवाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास कर रही है। टनकपुर से बागेश्वर और रामनगर–चौकुटिया रेल लाइन का सर्वेक्षण किया जा रहा है, जिससे भविष्य में पहाड़ी क्षेत्रों में भी रेल सुविधा का विस्तार होगा। इस एक्सप्रेस ट्रेन का नियमित संचालन 30 मार्च से टनकपुर और 31 मार्च से दौराई से सप्ताह में चार दिन किया जाएगा। टनकपुर–दौराई एक्सप्रेस ट्रेन प्रत्येक सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को टनकपुर से संचालित की जायेगी और अगले दिन दौराई पहुंचेगी।

स्वास्थ्यवर्धक भोजन

प्रदेश सरकार ने चारधाम यात्रा मार्ग पर तीर्थयात्रियों को स्वास्थ्यवर्धक भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'आज से थोड़ा कम' अभियान शुरू कर दिया है। इस अभियान का उद्देश्य अतिरिक्त नमक, चीनी और वसा की मात्रा को नियंत्रित करना है। जिससे हृदय रोग, मधुमेह और हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों से बचाव किया जा सके और तीर्थ यात्रियों को स्वास्थ्यवर्धक भोजन उपलब्ध हो सके। राज्य के खाद्य आयुक्त व स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि अभियान के तहत रेस्तरां और भोजनालयों को प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वे शेफ और खाद्य विशेषज्ञों के सहयोग से स्वास्थ्यवर्धक और पोषण संतुलन का ध्यान रखें। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि बार–बार इस्तेमाल किया गया तेल स्वास्थ्य के लिए खराब होता है। इसे दोबारा खाद्य श्रृंखला में आने से रोकने के लिए सख्त निगरानी की जा रही है।

उन्होंने बताया कि अभियान के अर्न्तगत ट्रिपल ई यानि यााित्रयों को शिक्षित करना, सख्त रवैया अपनाना और सुदृढ़ प्रणाली को विकसित करने का कार्य किया जाएगा। अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने कहा कि किसी भी प्रकार की खाद्य असुरक्षा या मिलावट को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी खाद्य व्यवसायियों को तय मानकों के अनुसार कार्य करना होगा। इस अभियान के तहत फ्लेक्स बैनर, पोस्टर व डिजिटल माध्यमों से होटल, रेस्तरां संचालकों के साथ ही आम लोगों व यात्रियों को जागरूक किया जाएगा।

गौरीकुंड–केदारनाथ पैदल मार्ग

रुद्रप्रयाग जिले में गौरीकुंड–केदारनाथ पैदल मार्ग पर बर्फ सफाई का कार्य जोरों पर चल रहा है। लोक निर्माण विभाग ने रामबाडा से लिनचोली तक बर्फ साफ कर पांच किलोमीटर रास्ते को आवाजाही लायक बना दिया है।

गौरतलब है कि आगामी 2 मई से शुरू हो रही केदारनाथ यात्रा के लिए बीते 14 मार्च से लोक निर्माण विभाग गौरीकुंड–केदारनाथ पैदल मार्ग पर बर्फ साफ करने में जुटा है। 70 से अधिक श्रमिकों के द्वारा पहले चरण में रामबाड़ा से लिनचोली तक बर्फ सफाई का कार्य किया गया, जो पूरा हो चुका है। अब, दूसरे चरण में लिनचोली से छानी कैंप में बर्फ साफ की जा रही है। विभागीय अधिशासी अभियंता विनय झिक्वांण ने बताया कि अगले चार दिन में पैदल मार्ग की बर्फ साफ कर टीम केदारनाथ पहुंच जाएगी। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल तक केदारनाथ मंदिर तक बर्फ साफ कर रास्ते को आवाजाही लायक बना दिया जाएगा।

चैत्र नवरात्रि

वैदिक पंचांग के अनुसार आज चैत्र नवरात्रि का दूसरा दिन है। आज मां की पूजा के लिए शुभ अभिजित मुहूर्त दोपहर 12 बजे से लेकर 12 बजकर 50 मिनट तक रहेगा। नवरात्रि के दूसरे दिन मां भगवती के देवी ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा की जाती हैं।

इस साल चैत्र नवरात्रि के दौरान द्वितीया और तृतीया तिथि एक ही दिन है, जिस कारण नवरात्रि 9 नहीं बल्कि 8 दिनों की होगी।

चैत्र नवरात्रि पर भक्त देवी मंदिरों में बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। नवरात्रि के पहले दिन सुबह से शाम तक मंदिरों में पूजा–अर्चना, भजन, कीर्तन और मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

ईद

देश के विभिन्न राज्यों में आज ईद–उल–फितर मनाई जा रही है। उत्तर प्रदेश और तेलंगाना में कल शाम ईद का चांद दिखाई दिया, जिसके बाद लखनऊ ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद राशिद फिरंगी मेहली ने घोषणा की कि ईद आज मनाई जाएगी। इस्लाम धर्म में ईद–उल–फितर का खास महत्व है। शव्वाल महीने के पहले दिन ईद–उल–फितर मनाया जाता है। इसे मीठी ईद भी कहा जाता है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ईद–उल–फितर पर सभी नागरिकों और विशेष रूप से देश और विदेश में रहने वाले मुस्लिम समुदाय को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि ईद–उल–फितर रमजान के पवित्र महीने के दौरान रोजा और इबादत के सम्पन्न होने का त्योहार है।

उमेश डोभाल स्मृति समारोह

पौड़ी जिले के सिरोली में बत्तीसवां उमेश डोभाल स्मृति समारोह आयोजित किया गया। पत्रकार उमेश डोभाल के पैतृक गांव सिरोली में आयोजित समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार महावीर रंवाल्टा को उमेश डोभाल स्मृति सम्मान, कवि हर्ष काफर को गिरीश तिवारी गिर्दा जन कवि सम्मान और राजेन्द्र रावत राजू जन सरोकार सम्मान, समीर शुक्ल को प्रदान किया गया। वर्ष 2024 का इलेक्ट्रानिक मीडिया पुरस्कार अल्मोड़ा के किशनचंद्र जोशी तथा सोशल मीडिया पुरस्कार उत्तरकाशी के पत्रकार प्रेम पंचोली को प्रदान किया गया। उमेश डोभाल ट्रस्ट के अध्यक्ष गोविन्द पंत राजू ने बताया कि समारोह में उत्तराखण्ड की पत्रकारिता का वर्तमान परिदृश्य पर विचार–गोष्ठी भी आयोजित की गई।

स्वामी विवेकानंद द्वार

ऐतिहासिक और सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा के प्रवेश द्वार करबला में 'विवेकानंद द्वार' का निर्माण कराया गया है। इस द्वार के निर्माण में योगदान देने वाले मूर्तिकारों, वास्तुकारों और शिल्पियों को केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने सम्मानित किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद का अल्मोड़ा आगमन ऐतिहासिक घटनाओं में से एक है, जिस स्थान से उन्हें घोड़े में बैठाकर अल्मोड़ा शहर लाया गया था, आज उसी स्थान पर भव्य विवेकानंद द्वार का निर्माण हो चुका है।

एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आर एस एस के मुख्यालय पहुंचने की खबर को सभी समाचार पत्रो ने अपने पहले पृष्ठ पर स्थान दिया है। अमर उजाला ने प्रधानमंत्री मोदी के हवाले से लिखा है– संघ की राष्ट्रीय चेतना का विचार आज अमर संस्कृति का अक्षयवट बना। इस खबर पर नवोदय टाइम्स लिखता है– मोदी बोले, संघ वट वृक्ष।

प्रदेश में महिला स्पोर्टस कालेज की ख़बर पर हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है– पहले नवरात्र पर बेटियों को मिला महिला स्पोर्टस कालेज। दैनिक जागरण की सुर्खी है– चंपावत में खुलेगा पहला महिला खेल विश्वविद्यालय, शासनादेश जारी।